उत्तर प्रदेश में चीनी के उत्पादन में कोई वृद्धि नहीं हुई है। पिछले तीन चीनी वर्षों के दौरान चीनी के उत्पादन से संबंधित सूचना निम्न प्रकार है:-

चीनी वर्ष (अक्तूबर-सितम्बर)	चीनी का उत्पादन (लाख टन)
1989-90	30.08
1990-91	29.75
1991-92	36.53

गन्ने का समर्थन मूल्य

4443. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन** : क्या **खाद्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1992-93 के गन्ना पिराई वर्ष के दौरान चीनी का उत्पादन कम होने की वजह यह थी कि चीनी मिलों को अपेक्षित मात्रा में गन्ना उपलब्ध नहीं हो सका था;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि सरकार इसके उत्पादन में वृद्धि करने के लिए गन्ने का समर्थन मूल्य तत्काल बढ़ाने पर विचार कर रही है;

(ग) क्या यह भी सच है कि फरवरी, 1993 में सरकार ने वर्ष 1993-94 के लिए गन्ने के बढ़े हुए समर्थन मूल्यों की घोषणा की थी;

(घ) क्या यह भी सच है कि गन्ने का कम उत्पादन कृषि भूमि के उपयोग में परिवर्तन करने की वजह से हुआ, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा तथा वर्ष 1991-92 की तुलना में वर्ष 1990-91 के दौरान कितनी अतिरिक्त जमीन पर गन्ने की खेती की गई;

(ङ) क्या यह भी सच है कि बिना किसी आधार के गन्ने के समर्थन मूल्य में वृद्धि करने से न केवल चीनी की उत्पादन लागत में वृद्धि होगी, जिससे चीनी का घरेलू मूल्य बढ़ेगा, बल्कि इसके साथ ही इससे एक ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाएगी जिसमें उत्पादन लागत अधिक हो जाने की वजह से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में यह चीनी नहीं बिकेगी और यदि बिक भी गई तो देश को विदेशी मुद्रा का घाटा उठाना पड़ेगा; और

(च) यदि हां, तो इसके संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है?

खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्प नाथ राय) : (क) मौसमी स्थितियों के कारण गन्ने के उत्पादन में गिरावट आने और गन्ने के अंतर्गत क्षेत्र में गन्ने की बजाय अन्य फसलों की पैदावार करने और गुड़ और खण्डसारी क्षेत्रों को गन्ना बेच देने के प्रमुख कारणों से वर्तमान मौसम, 1992-93 में चीनी के उत्पादन में कमी हुई है।

(ख) गन्ने का सांविधिक न्यूनतम मूल्य कृषि लागत और मूल्य आयोग की सिफारिशों के आधार पर निर्धारित किया जाता है। वर्ष 1993-94 के लिए सांविधिक न्यूनत मूल्य में वृद्धि करने और 1994-95 के मौसम के लिए सांविधिक न्यूनतम मूल्य की पेशगी घोषणा करने के लिए गन्ना मूल्य नीति के बारे में कृषि लागत और मूल्य आयोग की रिपोर्ट अब प्राप्त हो गई है और इस पर विचार किया जा रहा है।

(ग) केन्द्रीय सरकार गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 1966 के खण्ड 3 के उपबंधों के अधीन प्रत्येक बुवाई मौसम से पेशगी गन्ने के सांविधिक न्यूनत मूल्य की घोषणा करती है। तदनुसार, सरकार ने फरवरी, 1993 में 1993-94 के मौसम के लिए गन्ने के 32.50 रुपये प्रति क्विंटल (8.5 प्रतिशत की मूल रिकवरी पर) के सांविधिक न्यूनतम मूल्य की पेशगी घोषणा कर दी थी।

(घ) मुख्यतया मौसमी स्थितियों और गन्ने के अंतर्गत क्षेत्र में गन्ने की बजाय अन्य फसलों की पैदावार करने के कारण 1992–93 के मौसम के दौरान गन्ने की पैदावार में गिरावट आई थी। पिछले तीन मौसमों के दौरान गन्ने की खेती के अधीन क्षेत्र की स्थिति नीचे दी गई है :–

चीनी मौसम	गन्ने की खेती के अधीन क्षेत्र (लाख हेक्टेयर में)
1990–91	36.9
1991–92	37.9
1992–93 (अनन्तिम)	36.5

(ङ) गन्ने का सांविधिक न्यूनतम मूल्य निर्धारित करते समय गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 1966 के खण्ड 3(1) में उल्लिखित निम्नलिखित तथ्यों की तरफ उचित ध्यान दिया जाता है :–

(1) गन्ने की उत्पादन लागत ;

(2) वैकल्पिक फसलों से उत्पादकों के लिए लाभ और कृषि वस्तुओं के मूल्यों की सामान्य प्रवृत्ति ;

(3) चीनी के उत्पादकों द्वारा गन्ने से तैयार की गई चीनी जिस मूल्य पर बेची जाती है;

(4) उपभोक्ताओं के लिए उचित दाम पर चीनी की उपलब्धता ;

(5) गन्ने से चीनी की रिकवरी।

चीनी की उत्पादन लागत गन्ने के वास्तव में अदा किए गए मूल्य और फैक्ट्री की तकनीकी-प्रबंधकीय कार्य कुशलता पर निर्भर करती है।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चीनी का मूल्य मांग और आपूर्ति जैसी विभिन्न बाजार शक्तियों पर निर्भर करता है।

(च) उपर्युक्त (ङ) की दृष्टि में प्रश्न ही नहीं उठता।

Recent price of sugar

4444. SHRI BRAHMADEO ANAND PASWAN: Will the Minister of FOOD be pleased to • state:

(a) whether Government are considering a rise in the price of sugar before demand picks up during the coming festival season; if so, the reasons therefor;

(b) whether Government are also considering the extension of current month's quota till August, if so, the reasons therefor; and

(c) whether Government are considering to further reduce the free sale quota for the next month to around six lakh tonnes, if so, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD (SHRI KALPNATH RAT): (a) Under the present policy of partial control, the monthly release of free sale sugar is regulated in a judicious manner in order to maintain the price of sugar in the open market at a reasonable level to the consumer, and also to enable the producers to pay remunerative cane price to the growers. The releases during the festival months would be regulated accordingly.

(b) The quota for the month of August is valid up to 31-8-93.

(c) A quota of 6.20 lakh tonnes of free sale sugar has been released for internal consumption for the month of September, 1993.

चीनी का भंडार

4445. श्रीमती सुषमा स्वराज : क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मई, जून, जुलाई तथा अगस्त माह के पहले सप्ताह में भी चीनी की कीमतों में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इन तीन महीनों के दौरान